सुविचार

शिक्षा वह नींव है, जिस पर हम अपने भविष्य का निर्माण करते है ।

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का
मासिक ई - न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com माह- फरवरी 2025 अंक - 20 वां




## संदेश



बड़े हर्ष का विषय है कि नये वर्ष का दूसरा ई- न्यूज लेटर आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह ई- न्यूज लेटर महाविद्यालयीन गतिविधियों, छात्र उपलब्धि और आपकी प्रतिक्रियाओं का दर्पण है। 'नयी कलम से' स्तंभ आपकी रचनाओं के लिए हैं। 'स्टूडेंट कॉर्नर' में आप अपनी प्रतिक्रिया और सुझावों द्वारा इस ई-न्यूज लेटर को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। 'तरंग स्टार' में प्रत्येक माह आपके किसी साथी को स्थान मिलता है। यह छात्र-प्रोत्साहन का अनूठा प्रयास है। मैं विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से अनुरोध करता हूँ कि इस ई- न्यूज लेटर 'तरंग' को और अधिक प्रभावी, समसामयिक और छात्रोपयोगी बनाने हेतु समय - समय पर अपने सुझाव प्रेषित करते रहें।

शुभकामनाओं के साथ ।

डॉ. संजय जैन
प्राचार्य

# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ

## कॉलेज चलो अभियान










02/01/2025 को बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल द्वारा **'कॉलेज चलो अभियान'** के अंतर्गत सेंट थेरेसा गर्ल्स स्कूल पिपलानी, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल पिपलानी, कार्मल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुरा भोपाल का विजिट किया गया। इस विजिट में स्कूल के प्राचार्य, स्टूडेंट एवं टीचर्स को उच्च शिक्षा विभाग की प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य योजनाओं से अवगत कराया गया। महाविद्यालय से डॉ. शीला कुमार, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. समता जैन एवं प्रो. चित्रा खरे ने इस विजिट को पूर्ण किया।









03/01/2025 महाविद्यालय से डॉ. मीता बादल, श्रीमती शालिनी तिवारी, डॉ. अविनाश मिश्रा द्वारा **'कालेज चलो अभियान'** के अंतर्गत भेल क्षेत्र के रामकृष्ण मिशन आश्रम विवेकानंद विद्यापीठ, डी.ए.वी. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जेवियर को.एड स्कूल में संपर्क कर उच्च शिक्षा विभाग की प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य योजनाओं से अवगत कराया गया ।










04/012025 को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय से डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. सुषमा जादौन, डॉ निर्मला शुक्ला, श्री सौरव सिंह ने **'कॉलेज चलो अभियान'** के अन्तर्गत महात्मा गाँधी हायर सेकेंड्री स्कूल बरखेड़ा, सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर भोपाल के प्राचार्य-प्रतिनिधि से भेंट की। इस दल ने महाविद्यालय की प्रवेश-प्रक्रिया, शासन की हितकारी योजनाएँ और महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों / कोर्सेस की जानकारी दी। महात्मा गाँधी हायर सेकेंड्री स्कूल की प्राचार्य सुश्री हेमलता परिहार ने हर्ष के साथ बताया कि उनकी संस्था के विद्यार्थी 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 'बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं। साकेत नगर स्थित' सागर पब्लिक स्कूल' के प्राचार्य - प्रतिनिधि से 'कॉलेज चलो अभियान' पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने अधिक विद्यार्थियों तक जानकारी पहुँचाने का आश्वासन दिया।







06/01/2025 महाविद्यालय से डॉ. गरिमा जाउलकर, डॉ. अनुपमा यादव, श्रीमती प्रीति जौहरी द्वारा **'कालेज चलो अभियान'** के अंतर्गत बोनीफाई को.एड. हायर सेकेंडरी स्कूल में संपर्क कर उच्च शिक्षा विभाग की प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य योजनाओं से अवगत कराया गया तथा छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया गया।

## एक दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता



03/012025 को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास भोपाल और म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल द्वारा आयोजित कार्यशाला में बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल से भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ.समता जैन, सदस्य डॉ. उमेश साकल्ले और डॉ. सुषमा जादौन ने सहभागिता की। इस कार्यशाला में **'भारतीय शिक्षा: राष्ट्रीय संकल्पना'** विषय पर ज्ञानवर्धक चर्चा हुई।

## मेरा भारत पोर्टल तथा मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी हुए सम्मिलित









08/01/2025 **'मेरा युवा भारत' पोर्टल' तथा मध्य प्रदेश युवा प्रेरक (MPYP)** का शुभारंभ अभियान के तहत **माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी तथा सहकारिता खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री विश्वास कैलाश सारंग जी** की उपस्थिति में टीटी नगर स्टेडियम,भोपाल में हुआ, जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में महाविद्यालय से 50 विद्यार्थियों ने डॉ. अविनाश मिश्रा और डॉ. निर्मला शुक्ला के मार्गदर्शन में कार्यक्रम स्थल टीटी नगर स्टेडियम में सहभागिता की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने युवा संवाद भी किया । 12 जनवरी 2025 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से कुछ चुनिंदा छात्र संवाद करेंगे ये मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है। स्टेडियम में स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी।

## 'विश्व हिंदी दिवस' के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन
















10/01/2025 महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा **'विश्व हिंदी दिवस'** के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार जैन, श्री घनश्याम मैथिल अमृत, श्री बी.के. श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. संजय जैन तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनुराधा दुबे द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं- श्रीया विश्वकर्मा, सुमन रघुवंशी एवं मेघा अहिरवार द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। प्राचार्य डॉ.संजय जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे से किया। प्राचार्य महोदय ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनोद कुमार जैन ने हिंदी की बढ़ती हुई स्वीकार्यता, तकनीकी प्रगति, वैश्विक स्तर पर हिंदी की पहचान और स्वाभिमान की चर्चा की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुषमा जादौन द्वारा सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी गयीं। कार्यक्रम का सफल संचालन गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. वर्षा चौहान और कवि श्री घनश्याम मैथिल ने किया। इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा, हिंदी विभाग की हस्तलिखित समाचार पत्रिका **'प्रवाह'** का विमोचन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा हाथ से बनाए गए इस न्यूज़लेटर की संपादक बीए तृतीय वर्ष की छात्रा श्रीया विश्वकर्मा हैं। श्रीया और स्वीटी अहिरवार ने इस छमाही न्यूज लेटर की प्रक्रिया और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने हिंदी विभाग के इस नवाचार की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार जैन की पुस्तक **'अनुवाद विमर्श'** हिंदी विभाग के 18 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रदान की गयी। महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित **'सर्जना'** पत्रिका का वितरण भी सभी विद्यार्थियों को किया गया। बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र मनन दीक्षित ने अपनी स्वरचित कविता पढ़कर, अतिथियों का भावनात्मक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. अनुराधा दुबे, डॉ .मीता बादल, डॉ. समता जैन, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती शालिनी तिवारी, श्रीमती शीला कुमार, डॉ. अंजना अग्रवाल, डॉ. चारुलता राठौड़, डॉ. उमेश साकल्ले, अतिथि विद्वान डॉ. निर्मला शुक्ला, श्री सौरभ सिंह, श्रीमती पूनम बरबड़े, श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा, सुश्री आरती पटेल, सुश्री मोनिका सिंह, श्रीमती अनुपमा गीते एवं सभी संकाय के विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। हिंदी विभाग के इस आयोजन में सभी की गरिमामय उपस्थिति के लिए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.सुषमा जादौन ने महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया है।

## ‘शैक्षणिक संस्थान में कम्प्यूटर का उपयोग’ (Uses of Computer in Educational Institute) विषय पर कार्यशाला का आयोजन







बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल

सूचना

एक दिवसीय कार्यशाला

शैक्षणिक संस्थान में कम्प्यूटर का उपयोग

( Uses of Computer in Educational Institute)

समस्त शैक्षणिक स्टाफ को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषय पर निम्नानुसार एक कार्यशाला आयोजित की जा रही है:-

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | : | 11/01/2025, शनिवार |
| समय | : | प्रात: 11 बजे |
| स्थान | : | कक्ष क्र. 28 कम्प्यूटर लैब |
| विषय विशेषज्ञ | : | श्री अशोक पेड्डी ग्रुप मैनेजर GIS MPSEDC भोपाल (म.प्र.) |

अत: सभी उपरोक्तानुसार अपनी उपस्थिति आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

(श्रीमती प्रतिभा डेहरिया)
स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ

(डॉ. संजय जैन)
प्राचार्य

11/01/2025 को महाविद्यालय में **‘शैक्षणिक संस्थान में कम्प्यूटर का उपयोग (Uses of Computer in Education Institute)’** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें विषय विशेषज्ञ अशोक पेड्डी, ग्रुप मैनेजर GIS MPSEDC भोपाल (म.प्र.) कम्प्यूटर ऑन ऑफ करने से लेकर, एम.एस.ऑफिस सॉफ्टवेयर, एमएस वर्ड, एम.एस. एक्सेल, पॉवर पॉईंट में कार्य करने की बारीकियाँ समझाई तथा कम्प्यूटर का शैक्षणिक संस्थानों में बेहतर उपयोग के गुर सिखाये ।

प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत महाविद्यालय को प्राप्त कम्प्यूटर लैब का विद्यार्थियों के लिये अधिकतम उपयोग करने के प्रथम चरण में शैक्षणिक स्टाफ को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिसमें समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने उत्साह से सहभागिता की । इस कार्यशाला का आयोजन स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती प्रतिभा डेहरिया ने सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में सहभागियों को ऑनलाईन सर्टिफिकेट प्रदान किये गये ।

## महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



12/01/2025 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस पर **‘राष्ट्रीय युवा दिवस’** समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय जैन एवं समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारी, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम, योगाचार्य डॉ. चन्द्रशेखर विश्वकर्मा के निर्देशन में किया गया। योगाचार्य द्वारा योग विषय से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन द्वारा योग का महत्त्व बताते हुए कहा कि योग हमारे तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण है, हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए ताकि हम हमेशा स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में आनंदमार्ग से आये हुए अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो व्याख्यान से जुड़े और बहुत से प्रेरणादायक प्रसंग भी बताये गये।

स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में दिए गए व्याख्यान का प्रदर्शन किया गया, जिसमें शैक्षणिक कर्मचारी, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे । व्याख्यान की शुरुआत में स्वामी विवेकानंद ने उपस्थित लोगों को ‘अमेरिका की बहनों और भाइयों’ कहकर संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने हिंदू धर्म की एकता, सहिष्णुता, और सार्वभौमिकता की भावना को प्रकट किया। स्वामी विवेकानंद जी के व्याख्यान ने उपस्थित लोगों पर गहरा प्रभाव डाला। उनके व्याख्यान के बाद उपस्थित लोगों ने खड़े होकर ताली बजाई और स्वामी विवेकानंद जी को धन्यवाद दिया। इस व्याख्यान के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी ने विश्व भर में हिंदू धर्म को एक नई पहचान दिलाई और विश्व भर में लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया।

स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता का विषय था- **‘स्वामी विवेकानन्द: युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा’** विद्यार्थियों ने इस विषय पर प्रभावी ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा श्रीया विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष के मनन दीक्षित रहे। बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र शिवम सराठे तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वर्षा चौहान ने किया। प्रतियोगिता के सम्माननीय निर्णायक थे- डॉ.अर्चना जैन, डॉ.शीला कुमार, श्रीमती शालिनी तिवारी। भाषण प्रतियोगिता की संयोजक डॉ.सुषमा जादौन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का लोकार्पण किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन द्वारा द्वारा दीप प्रज्वलन कर पुष्प माला पहनाकर एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक श्रीया विश्वकर्मा, मनन दीक्षित स्वामी विवेकानंद जी का जीवन परिचय दिया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य माना था। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज से सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रदर्शनी प्रस्तुत की।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन, उमंग (उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम) और युवा पोर्टल का शुभारंभ में महाविद्यालय के विद्यार्थी हुए सम्मिलित








12 जनवरी 2025 को रविंद्र भवन, भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन, उमंग (उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम) और युवा पोर्टल का शुभारंभ किया गया जिसमें बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से 50 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनके साथ में प्रभारी डॉ. निर्मला शुक्ला एवं श्री सौरव सिंह विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सहकारिता खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एयरफोर्स अग्नि वीर योजना, मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड की संकल्प योजना, आईटीआई द्वारा संचालित व्यावसायिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं अन्य महत्त्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय द्वारा स्वल्पाहार तथा आवागमन के लिए बस की व्यवस्था की गई थी।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कराया वन विहार नेशनल पार्क भोपाल का भ्रमण








13/01/2025 महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के निर्देशन में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम, इको क्लब गतिविधि के अंतर्गत में वन विहार नेशनल पार्क, भोपाल का अध्ययन किया गया । इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को नेशनल पार्क में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे, जीव जंतु एवं पक्षी आदि का अध्ययन कर बताया गया कि किस तरह जीव विविधता एवं ईकोसिस्टम का अद्भुत जीवन सक्रिय है । तितली पार्क भी देखा, जिसमें तितलियों की उपस्थिति स्वस्थ पर्यावरण एवं बेहतर पारिस्थितकीय तंत्र का प्रतीक है। ये पर्यावरण की दृष्टि से परागण एवं कीट नियंत्रण में अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। इस भ्रमण में वनस्पति शास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ,अनुराधा दुबे, डॉ. शीला कुमार, सुश्री मोनिका सिंह, विभाग के कर्मचारी मोहित विश्वकर्मा, श्री हरिनारायण एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ.अर्चना शर्मा एवं महाविद्यालय के 30 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण











22/01/2025 प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में महाविद्यालय के स्नातक स्तर के कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के 50 नियमित विद्यार्थियों को SAGE यूनिवर्सिटी (School of management), भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहाँ डॉ. अपूर्व भटनागर, डॉ. संतोष मिश्रा व डॉ. राजीव जैन के द्वारा विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी की लैब, लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम और कई सारे विभागों को दिखाने के साथ-साथ अन्य विविध शैक्षणिक विषयों, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा गतिशील कॅरियर की संभावनाओं से परिचित कराया गया तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया गया। विद्यार्थियों को बिजनेस गेम खिलवाया गया और कई सारी रोचक गतिविधियां करवाई गईं। विद्यार्थियों के लिए उपयोगी इस शैक्षणिक भ्रमण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ डॉ. शीला कुमार, प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र), डॉ. अविनाश कुमार मिश्रा, अतिथि विद्वान (वाणिज्य) तथा श्रीमती पूनम वरवड़े, अतिथि विद्वान (बीकॉम कंप्यूटर एप्लीकेशन) ने सक्रिय भूमिका निभाई ।

## योगेश धाकड़ सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान शासकीय महाविद्यालय बरेली, रायसेन द्वारा शोध प्रबंध का पूर्व प्रस्तुतीकरण







22/01/2025 श्री योगेश धाकड़ सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान शासकीय महाविद्यालय बरेली, रायसेन (म.प्र.) द्वारा पीएच डी उपाधि हेतु बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल शोधकेन्द्र से डॉ. अनुपमा यादव के मार्गदर्शन में प्रस्तुत शोध प्रबंध का पूर्व प्रस्तुतिकरण (Pre Presentation) किया गया।

## 'यातायात जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली















23/01/2025 'यातायात जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के एन.एस.एस स्वयंसेवकों एवं अन्य विद्यार्थियों द्वारा यातायात जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें प्राचार्य महोदय, एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार मिश्रा एवं श्री सौरव सिंह द्वारा 50 विद्यार्थियों को बस द्वारा कॅरियर कॉलेज ले जाया गया। वहाँ विद्यार्थियों ने वाहन सवार लोगों को रोको-टोको क्रियाओं द्वारा यातायात संबंधी नियम बताते हुए नियमों का पालन करने जैसे-सिग्नल लाइट का पालन करने, हमेशा हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाने, सीट बेल्ट लगाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा आस पास के लोगों को एकत्रित कर नुक्कड़ नाटक दिखाकर जागरूक किया गया। दुर्घटना से देरी भली, वाहन धीमा चलायें और अपना कीमती जीवन बचाएँ, 'दुर्घटना से रखनी है अगर दूरी तो हेलमेट है ज़रूरी', जैसे कई अन्य स्लोगन गाते हुए कॅरियर कॉलेज से भेल महाविद्यालय तक जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता अभियान के पश्चात सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में स्वल्पाहार कराया गया।

## बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में आयोजित युवा और धर्म पर आधारित युवा सम्मेलन में महाविद्यालय के विद्यार्थी हुए सम्मिलित














23/01/2025 को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल में स्थित ज्ञान विज्ञान भवन में डॉ. सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर **प्रज्ञा प्रवाह** द्वारा युवा और धर्म पर आधारित युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के प्रत्येक कोने से प्राध्यापकों और विद्यार्थियों का जमावड़ा रहा, जिसमें महाविद्यालय से शासन के निर्देशानुसार -भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को चयनित किया गया, जिसमें श्रीया विश्वकर्मा, अमित, विजेंद्र, स्वीटी, नीलिमा, हरण खान प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे, विद्यार्थियों की सहभागिता महाविद्यालय प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. डॉ. समता जैन एवं प्रो. डॉ. उमेश साकल्ले के नेतृत्व में आयोजित की गई। सम्पूर्ण रूपरेखा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मुकुल कानिटकर, सुश्री रश्मी सामंत एवं श्री प्रफुल्ल केतकर रहे, जिनमें उन्होंने युवाओं को उनके कर्तव्य, धर्म एवं परिश्रम का अर्थ बताते हुए मार्गदर्शित किया गया। सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर कार्यक्रम की भव्यता और विशालता विराट रही।

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस









24/01/2025 भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर के अनुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने स्वागत उद्बोधन में बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राएं जीवन में लक्षित सफलता प्राप्त करें । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि 'प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस' से समाजशास्त्र विषय की प्राध्यापक डॉ. माधवी लता दुबे थीं। **'बालिकाओं के अधिकार : प्राचीन एवं वर्तमान परिदृश्य'** विषय पर आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय बालिका दिवस का प्रारंभ, छात्राओं के अधिकार, समाज में उनकी स्थिति पर सरल सहज शैली में छात्राओं से संवाद किया।

इस अवसर पर छात्राओं को प्रेरित करने वाले मैथिली ठाकुर के गीत, आइएएस सुरभि गौतम का साक्षात्कार और सकारात्मक स्पीच की लघु फिल्म दिखाई गई। भारतीय ज्ञान परंपरा सर्वश्रेष्ठ है । आज की पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए, समाज के उत्थान में बालिकाओं की भूमिका' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नैना मालवीय, द्वितीय स्थान -बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा मेघा अहिरवार एवं तृतीय स्थान- बीए प्रथम वर्ष की छात्रा साधना पटेल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा की संयोजक डॉ. समता जैन, सदस्य- डॉ.अनुपमा यादव, डॉ. सुषमा जादौन, डॉ. उमेश साकल्ले, डॉ. मीता बादल, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती पूनम वरवड़े, श्री अविनाश मिश्रा सहित अन्य प्राध्यापकगण एवं सभी कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. स्मृति चौहान द्वारा किया गया।

## 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' पर महाविद्यालय की छात्राओं का सम्मान


राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भेल कॉलेज की छात्राओं का सम्मान



24/01/2025 अर्पिता फाउंडेशन द्वारा **'राष्ट्रीय बालिका दिवस'** पर महाविद्यालय की छात्राओं का सम्मान किया गया।

## महाविद्यालय में eHRMS (Electronic Human Resource Management System) SMIS (Student Management Information System) विषय पर कार्यशाला का आयोजन




महाविद्यालय IQAC के सौजन्य से दिनांक- 25/01/2025 को (Electronic Human Resource Management System) SMIS (Student Management Information System) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री अशोक पेड्डी ग्रुप मैनेजर GIS MPSEDC, डॉ. अरुण सेन एवं श्री अजय श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में इस कार्यशाला में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ से 35 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण उपरांत सहभागियों को ऑनलाईन सर्टिफिकेट प्रदान किये गये ।

## महाविद्यालय में मनाया गया पर्यटन दिवस








25/01/2025 को बी.कॉम. टूरिज्म एंड ट्रेवल्स मैनेजमेंट विभाग में **'राष्ट्रीय पर्यटन दिवस'** मनाया गया,जिसके अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग डॉ. आर. के. खजवानियां, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर. के. शर्मा, प्रोफेसर शालिनी तिवारी, डॉ. अविनाश कुमार मिश्रा, प्रोफेसर चित्रा खरे एवं प्रोफेसर अनुपमा गीते की उपस्थिति रही। सभी विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में अति उत्साह से हिस्सा लिया।

## महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम













26/01/2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार सम्माननीय सदस्य श्री संजय कुंवर, श्री खिलान सिंह, श्री मिश्रीलाल ठाकुर एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया । विशेष रूप से 15 अगस्त 2025 से पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले डॉ. आर. के. खजवानियाँ, श्री प्रहलाद पराडकर एवं श्रीमती सुषमा तिवारी, डॉ. गरिमा जाऊलकर द्वारा भी डोरी पकड़ ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर आयोजित समारोह में भारतीय संविधान पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने भारतीय संविधान का महत्व समझाते हुए सभी भारतवासियों को इस पर चलने का आह्वान किया। अध्यक्ष जनभागीदारी समिति श्री बारेलाल अहिरवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी तथा महाविद्यालय के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एन.सी.सी. राष्ट्रीय शिविर में सहभागिता कर विशिष्ट उपलब्धि वाले कैडेट्स का जनभागीदारी समिति द्वारा सम्मान किया गया एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत गायत्री परिवार द्वारा पुरस्कृत विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गये। छात्र-छात्राओं द्वारा अपने उदगार व्यक्त किए तथा देशभक्ति पूर्ण गीतों का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. वर्षा चौहान ने किया। इस अवसर समस्त स्टाफ एवं छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही ।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित








26/01/2025 एन.सी.सी. कैडेट अखिलेश कुमार, पारूल चंद ठाकुर, निखिल शर्मा, निखिल द्विवेदी, ए.करन,अंकित विश्वकर्मा, सूरज सरोज, पुष्पेंद्र लोधी और पंकज लोधी द्वारा **'राष्ट्रीय शिविर'** में सहभागिता करने की विशिष्ट उपलब्धि पर जनभागीदारी समिति द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान किये गये एवं **'भारतीय ज्ञान परम्परा'** अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में गायत्री परिवार पुरस्कृत छात्र -छात्राओं को जनभागीदारी समिति द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स को मिला राज्य परेड में द्वितीय स्थान



26/01/2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर लाल परेड मैदान भोपाल में आयोजित राज्य परेड में महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के एन.एन.सी.कैडेट्स परेड कमांडर सीपीएल ईशु गोस्वामी, बीए द्वितीय वर्ष के नेतृत्व में महाविद्यालय के एन.सी.सी.कैडेट्स ने राज्य स्तरीय परेड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

# महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में हुए सम्मिलित









27/01/2025 को महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद् भोपाल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के प्रथम दिवस सहभागिता की। सर्वप्रथम गोष्ठी के विषय - **'परंपरा में वाद्य'** को सार्थक करते हुए कोरकू, बैगा और गोंड जनजाति के लोक कलाकारों ने मंच पर वाद्ययंत्र बजाकर कार्यक्रम का अनौपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी और जनजातीय संग्रहालय के निदेशक डॉ.धर्मेंद्र पारे जी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि आचार्य शरण जी ने प्राचीन वाद्ययंत्र, भारतीय संस्कृति और परंपरा की चर्चा की।। इस गोष्ठी में हम सभी ने भारतीय परंपरा में वाद्ययंत्रों की पारंपरिक उपस्थिति को नये परिप्रेक्ष्य में समझा। कार्यक्रम में अनेक शोध आलेख प्रस्तुत किए गए।भेल महाविद्यालय की नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना शर्मा, अन्य प्राध्यापक - डॉ. अनुराधा दुबे, डॉ.इलारानी श्रीवास्तव, डॉ.समता जैन, डॉ. सुषमा जादौन, अतिथि विद्वान डॉ.निर्मला शुक्ला,श्री सौरव सिंह और 15 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।






28/01/2025 'परंपरा में वाद्य' विषय पर, रवीन्द्र भवन में आयोजित शोध संगोष्ठी के दूसरे दिन महाविद्यालय से नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना शर्मा ने लखनऊ से पधारीं डॉ. अनिता सोनी का स्वागत किया। आज वाद्ययंत्र और उनके अनेक प्रकारों पर चर्चा हुई। इसी विषय पर अनेक शोध आलेख प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र जतिन जोशी ने अतिथि वक्ताओं से सारगर्भित प्रश्न किए। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने सभी सत्रों में उपस्थित रहकर, गोष्ठी का आनंद लिया।







29/01/2025 **'राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी'** के समापन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय से विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा सहभागिता की गई। यह गोष्ठी जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित की गयी। महाविद्यालय के विद्यार्थियों का ज्ञानार्जन हुआ। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन और नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना शर्मा को धन्यवाद दिया।

## स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि







30/01/2025 शहीद दिवस भारत में उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया और महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के रूप में भी जाना जाता है। शहीद दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह 10:40 बजे विद्यार्थी एवं स्टाफ एकत्र हुए। सभा की शुरुआत महात्मा गाँधी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' के गायन से की गई, महात्मा गाँधी और अन्य शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। 11:00 -11:02 बजे 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को स्मरण किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने छात्र-छात्राओं को शहीदों के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने देशभक्ति की भावना जागृत की और छात्रों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ एवं शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टाफ और उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का महत्व समझाया और उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आर. के. खजवानियाँ जी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन































31/01/2025 महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.आर.के. खजवानियां की सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्टाफ क्लब की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक आदरणीय डॉ.मथुरा प्रसाद, सैन्य विज्ञान के प्रो. अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. आर.के. खजवानियाँ, उनकी पत्नी श्रीमती साधना खजवानियाँ, पुत्र श्री कुलदीप खजवानियां और परिवार के अन्य सदस्य सभागार में उपस्थित थे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ प्राध्यापक- डॉ. चारुलता राठौड़, डॉ.गरिमा जाउलकर, डॉ.अनुराधा दुबे, मुख्य लिपिक श्री राजाराम महावर तथा संपूर्ण कार्यालयीन स्टाफ द्वारा किया गया।स्वागत की बेला के पश्चात प्राचार्य डॉ.संजय जैन ने प्रो. खजवानियां को पुष्प, शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया और विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की मूर्ति भेंट की। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि प्रो. खजवानियां ने 44 वर्ष की सेवा पूर्ण की है। यह अत्यंत गर्व की बात है।अब जीवन के इस नये चरण में वे स्वस्थ रहें। सदैव प्रसन्नचित्त रहें। यही शुभकामनाएं हैं। कार्यालयीन परिवार की ओर से श्री शिवनारायण प्रजापति ने बहुत सुंदर, सरल और भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। डॉ. खजवानियाँ जी के सुपुत्र श्री कुलदीप ने अपने पिताजी की कर्त्तव्य-निष्ठा, सेवा-भावना और अनुशासन के लिए कृतज्ञता प्रकट की। प्रो.अशोक शर्मा ने डॉ. खजवानियां की सेवानिवृत्ति पर काव्यात्मक शैली में मंगल कामनाएं दीं। वाणिज्य विभाग से श्रीमती चित्रा खरे ने डॉ. खजवानियां की कार्यशैली और विषय-आधिपत्य की प्रशंसा की। उन्होंने डॉ. खजवानियां सर का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त संचालक आदरणीय डॉ.मथुराप्रसाद जी ने कहा कि खजवानियां जी सदा स्वस्थ, प्रसन्न और सक्रिय रहें। डॉ.आर.के.खजवानियां जी ने सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने माता-पिता की स्मृति में प्रत्येक वर्ष सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के लिए नकद पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का पूरा परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इलारानी श्रीवास्तव ने किया तथा वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. आर. के. शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# स्टूडेंट कॉर्नर

## नयी कलम से............

### आखिर इंसान इतना बड़ा है

आज ये इंसान बस इतना बड़ा है,
जिन्होंने पालन पोषण किया उनको बीच सड़क पर छोड़,
सर उठाके खड़ा है,
आज फिर ये इंसान इतना बड़ा है,
अपने ईमान को चंद पैसे में बेच,
भ्रष्टाचार का पिता बन खड़ा है...

आज ये इंसान इतना बड़ा है मत पूछो इसकी हैसियत....
धरती को बंजार कर चाँद पर घर बनाने चला है,
आज फिर देखो ये इंसान इतना बड़ा है,
खुद को इंसान समझने वाला,
शिकारी..हवस में जानवर बन खड़ा है,
आज फिर ये इंसान इतना बड़ा है,
आज फिर ये इंसान इतना बड़ा है ।

श्रीया विश्वकर्मा
बी.ए. तृतीय वर्ष

### प्रतिक्रियाएँ ई-मेल द्वारा प्राप्त

ई-न्यूज लेटर का जनवरी अंक मन को भा गया। नैना मालवीय की कविता अच्छी लगी ।

श्रीया विश्वकर्मा

जनवरी नये वर्ष का ई-न्यूज लेटर पढ़कर आनंद आ गया । मेरा अनुरोध है कि छात्र-छात्राओं की रचनाएँ अधिक प्रकाशित करें ।

मनन दीक्षित

# तरंग स्टार

## अखिलेश कुमार



महाविद्यालय के प्रशिक्षु SUO अखिलेश कुमार ने 04 एमपी बटालियन एनसीसी, भोपाल के प्रतिनिधि के रूप में SNIC श्री विजयापुरम शिविर, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में भाग लिया। अखिलेश कुमार 3100 एनसीसी कैडेट्स में से एकमात्र कैडेट थे, जिन्हें इस शिविर में भाग लेने का अवसर मिला। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से कुल तीन लड़के इस शिविर में शामिल हुए, जिनमें अखिलेश कुमार भी एक थे।

SNIC शिविर में अखिलेश कुमार ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडमान और निकोबार की संस्कृति का अध्ययन किया और 16 विभिन्न निदेशालयों से आए 49 लड़कों के साथ भारतीय विविधता में योगदान दिया।

इस शिविर में भाग लेने के दौरान, अखिलेश कुमार ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के प्रमुख पर्यटन स्थलों का दौरा किया। उन्होंने चिड़ियाटापू, कैरेबियन बीच, जूलॉजिकल पार्क, नेवी म्यूजियम, बॉटनिकल पार्क, मरीना पार्क, रॉस द्वीप, नॉर्थ बे, नारियल बगीचा, अटलांटा प्वाइंट, ध्वज प्वाइंट, काला पानी (सेलुलर जेल), वुडलैंड बीच जैसे कई प्रमुख स्थलों का दौरा किया।

अखिलेश कुमार ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया और इस यात्रा को अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया। उनके इस योगदान से न केवल कॉलेज का नाम रोशन हुआ है, बल्कि एनसीसी के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुआ है।

## ईशु गोस्वामी





एन.सी.सी. कैडेट सी.पी.एल. ईशू गोस्वामी ने एन.सी.सी. कैडेट्स परेड कमांडर के रूप में राज्य स्तरीय परेड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। ये बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र है। महाविद्यालय परिवार ने इन्हें हार्दिक बधाईयाँ दी हैं ।

## आगामी कार्यक्रम

- बसंत पंचमी- सरस्वती पूजन और वंदना।
- निराला जयंती- हिन्दी विभाग का साहित्यिक आयोजन।
- स्वरचित साहित्य मंच की गोष्ठी।
- भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ।
- सर्जना पत्रिका के लिए रचनाएँ आमंत्रित।
- राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) का पुनरागमन।
- NCC 'B' एवं 'C' सर्टिफिकेट की परीक्षा।

## संपादक की पाती

माह फरवरी 2025 का ' तरंग ' अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ। आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी। विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि 'स्टूडेंट कॉर्नर' के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

सौजन्य ई-न्यूजलेटर समितिः- डॉ. सुषमा जादौन (संयोजक)
डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. मीता बादल
श्री संजय साहू (कम्प्यूटर वर्क)